# सेप्सिस के लिए आपका इलाज किया जा रहा है

सेप्सिस तब होता है जब किसी संक्रमण पर शरीर की प्रतिक्रिया उसके अपने स्वस्थ ऊतकों और अंगों को नुकसान पहुंचाती है। आपको एक ऐसा संक्रमण है जिसके कारण सेप्सिस हो सकता है। सेप्सिस एक चिकित्सीय आपात-स्थिति है। जिसके लिए तत्काल चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता होती है।

## सेप्सिस का इलाज कैसे किया जाता है?

सेप्सिस का इलाज अस्पताल में किया जाता है और जब इसका इलाज हो सके उतना जल्दी शुरु कर दिया जाता है तो इलाज बेहतर काम करता है। सेप्सिस से पीड़ित कुछ लोगों को गहन देखभाल में इलाज की आवश्यकता होती है।

इलाज में एंटीबायोटिक्स शामिल होते हैं, और यदि आवश्यक हो तो:

- अन्य दवाइयां
- इंट्रावेनस (नस में) तरल पदार्थ
- सांस लेने संबंधी सहायता
- एक ऑपरेशन / सर्जरी।

## स्वास्थ्य लाभ और अस्पताल से छुट्टी मिलना

इससे पहले कि आप अस्पताल से जाएं, आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम निम्नलिखित के बारे में बताएगी:

- आपका ठीक होना और इसमें कितना समय लग सकता है
- संक्रमण से कैसे बचें
- अगर आपकी तबियत में सुधार नहीं हो रहा तो जिन संकेतों पर ध्यान देना चाहिएहै, या आपको और ज़्यादा अस्वस्थ महसूस हो रहा है।
- आपकी दवाइयां और उन्हें सुरक्षित तरीके से कैसे लें
- कोई भी दीर्घकालिक प्रभाव और देखभाल जिसकी आपको बाद में आवश्यकता हो सकती है।

यदि आपको सेप्सिस हुआ है, तो आपको दोबारा सेप्सिस होने की संभावना अधिक होती है। यदि आप चिंतित हैं कि अस्पताल से आने के बाद आपके लक्षण और ज़्यादा ख़राब हो रहे हैं, तो कृपया सलाह के लिए **13Health** पर फ़ोन करें, अपने डॉक्टर (जीपी) को दिखाएँ या वापस अस्पताल जाएं।

## लंबे समय तक रहने वाले प्रभाव

सेप्सिस से ठीक होने में समय लगता है, और कुछ लोगों को लंबे समय तक रहने वाली समस्याएं हो जाती हैं। कुछ समय के लिए आप अस्वस्थ महसूस कर सकते हैं या वापस सामान्य गतिविधियाँ करने में मुश्किल हो सकती है। यदि आप चिंतित हैं, तो सहायता के लिए अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य देखभाल टीम से बात करें।

आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कुछ समय के लिए कमजोर हो सकती है, जिससे संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है। सभी टीके समय पर लगवाएँ, अच्छी स्वच्छता का अभ्यास करें, और अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से उन इलाजों के बारे में पूछें जो मदद कर सकते हैं।

## सेप्सिस के दौरान और सेप्सिस के बाद सहायता

अगर आपको किसी दुभाषिये या सांस्कृतिक संपर्क (लियाज़न) अधिकारी की ज़रूरत है, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम को बताएं।

रिकवरी के दौरान आपकी और आपके परिवार की मदद कर सकने वाले सेप्सिस सहायता समूहों के लिए नीचे QR कोड देखें, या सेप्सिस ऑस्ट्रेलिया खोजें।

अगर आप इस तथ्य पत्र के बारे में कोई फीडबैक देना चाहते हैं तो QR कोड स्कैन करें

सेप्सिस के लिए और अधिक जानकारी और सहायता के लिए QR कोड स्कैन करें

DELIVERING FOR QUEENSLAND | Queensland Government

SC26000479_V1.2 06/2026